# सागवाडा लाईव न्यूज़

E- paper

Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 01 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

3 अक्टूबर 2025 शुक्रवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २३ | ● पृष्ठ ०१ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in






**सुचना-**

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497

हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।


## विश्व के सबसे उंचे रावण का दहन

### इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम



संवाददाता/कोटा

सागवाड़ा लाईव न्यूज / विजयादशमी पर कोटा के दशहरा मैदान में दुनिया का सबसे ऊंचा 221 फीट का रावण दहन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन के साथ कोटा का नाम इंडिया बुक और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। हालांकि, बुधवार को हुई बारिश के कारण रावण का पुतला पूरी तरह नहीं जल पाया। रावण के अंदर बारूद तो धधक उठा, लेकिन उसका ऊपरी हिस्सा और कुंभकरण का मुख सही सलामत रह गया। दशहरे के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर और विधायक संदीप शर्मा मंचासीन रहे। दहन से पूर्व गढ़ पैलेस में रियासत कालीन दरीखाने की रस्म निभाई गई। इसके बाद भगवान लक्ष्मीनारायण को चांदी की पालकी में विराजमान कर हाथी पर सवार किया गया। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट गाड़ियां, बग्घियां और सजीव झांकियां शामिल रहीं। देशभर से आए कलाकारों ने घूमर, कच्ची घोड़ी, कजरी, बिंदौरी, अरुणाचल का टपू, बंगाल का छाऊ और केरल का कुंभाटी नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को और भव्य बना दिया। पूर्व महाराव इज्यराज सिंह और उनके पुत्र महाराज कुमार जयदेव सिंह भी परंपरा अनुसार खुली जीप में दशहरा मैदान पहुंचे। इज्यराज सिंह ने सीता जी का पाने और जवारे का पूजन किया। तत्पक्षात रावण की नाभि में तीर चलाकर दहन की रस्म पूरी की गई। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। पार्किंग के लिए 10 स्थानों पर विशेष व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को सहूलियत मिल सके।


## सीमलवाड़ा विनोबा भावे खेल मैदान में रावण दहन के साथ धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ संवाददाता गुणनंत कलाल/ सीमलवाड़ा कस्बे के विनोबा भावे खेल मैदान में मंगलवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया गया, जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही। दशहरा कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच रूपचंद भगोरा, जगदीश पंड्या, देवीलाल कलाल, राकेश शाह सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। वहीं, कस्बे के गायत्री चौक से भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भव्य झांकी भी निकाली गई, जो खेल मैदान पहुंचने के बाद रावण दहन कार्यक्रम का हिस्सा बनी। खेल मैदान में जब रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को अग्नि के हवाले किया गया तो जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आतिशबाजी से आकाश रोशन हो गया और दर्शक मंत्रमुग्ध होकर इस दृश्य का आनंद लेते रहे।कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रधान कारीलाल ननोमा, तहसीलदार अशोक शाह, पुलिस उप अधीक्षक राजकुमार राजोरा, धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। दशहरा उत्सव के दौरान धंबोला पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही और शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखी।

## महीपाल खेल मैदान में 36 फिट उंचा रावण धधका

### नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने किया पुतला दहन





सागवाड़ा लाईव न्यूज़। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र के महिपाल खेल मैदान में विजयादशमी के अवसर पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। परंपरा अनुसार दशानन रावण का पुतला दहन किया गया। हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं और दर्शकों की मौजूदगी में मैदान 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। ठीक निर्धारित समय पर नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने अग्नि प्रज्वलित कर रावण दहन की रस्म निभाई। बजरंग रामलीला मंडल नागौर के कलाकारों ने लगातार नौ दिनों तक श्रीराम लीला का मंचन कर जनमानस को रामायण की झलक दिखाई। इसके बाद दशहरे पर रावण दहन ने पूरे सागवाड़ा को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद कमल कटारा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष यशवंत गवारिया समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रावण दहन के बाद जुलूस की शक्ल में उमड़ी भीड़ से शहर की मुख्य सड़कें लगभग आधे घंटे तक अवरुद्ध रहीं। पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था बनाए रखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और विजयादशमी पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए समाज में सद्भावना और एकता का संदेश देने की अपील की।

## नेशनल हाईवे टोल पर दबंगई — एंबुलेंस पर गुटखा थूकने से बवाल



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा उपखंड क्षेत्र में नेशनल हाईवे 927-ए पर स्थित पाडला-हांडलिया टोल नाके पर टोलकर्मियों की दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन वाहन चालकों से बदसलूकी के मामले सामने आते रहते हैं। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे एक एंबुलेंस टोल से गुजर रही थी, तभी टोल बूथ कर्मी ने गुटखा खाकर पिचकारी मारी, जो सीधे एंबुलेंस पर जा गिरी। जब एंबुलेंस कर्मी ने इस हरकत पर आपत्ति जताई और पूछा कि क्या यह गुटखा थूकने की जगह है, तो टोलकर्मी उलझ गया और दबंगई दिखाते हुए कहने लगा — "हाँ, क्या कर लोगे?" एंबुलेंस स्टाफ ने इस घटना का वीडियो कैमरे में कैद किया। जब इस संबंध में टोलकर्मी से जवाब मांगा गया तो उसने मामले को अपने मैनेजर पर टाल दिया। स्थानीय निवासीयों ने बताया कि इस तरह की घटनाओं की शिकायत पहले भी प्रशासन तक पहुँचाई जा चुकी है, लेकिन टोलकर्मियों की मनमानी जारी है। वाहन चालकों और एंबुलेंस जैसी आपात सेवाओं को भी इनकी दबंगई का शिकार होना पड़ रहा है। ग्रामीणों व वाहन चालकों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अगर इस तरह की हरकतों पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। यह घटना टोलकर्मियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवालिया निशान लगाती है।


विजयादशमी पर्व पर

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



सागवाड़ा लाईव न्यूज़


## बुरहानी हार्डवेयर गोदाम के पीछे नगर पालिका अध्यक्ष ने किया मोका मुआयना

### अतिक्रमण का वार्ड वासियों ने लगाया था आरोप



मौका मुआयना करते नगरपालिका अध्यक्ष आशिष गांधी

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा नगर पालिका अंतर्गत बुरहानी हार्डवेयर गोदाम के पीछे बस्ती व खेतों की ओर जाने वाला मार्ग जहां वार्ड नंबर आठ के नागरिको ने आरोप लगाते हुए बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय खुदाई कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है और आने जाने वाले 80 फीट रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया है यह बस्ती में आने जाने का मुख्य मार्ग है और उक्त भूमि का एक हिस्सा सार्वजनिक उपयोग के लिए भी आरक्षित है ऐसे में रास्ते पर निर्माण करना सीधा अतिक्रमण है जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने आज दोपहर मौका मुआयना किया । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने गुरुवार दोपहर 1:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संज्ञान में आया है कि सार्वजनिक रोड पर किसी अतिक्रमण किया है पटवारी को बुलाकर मौका मुआयना करवाया जाएगा और अगर वास्तव में अतिक्रमण किया है तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी इस दौरान महिपाल अहारी एकलव्य भील सेवा संस्थान अध्यक्ष, निलेश अहारी वार्ड नंबर 8 पार्षद पति, वासुदेव अहारी नगर अध्यक्ष एसटी मोर्चा, सुखलाल अहारी, गुलाब अहारी, अशोक बामनिया, कालू लाल अहारी, मोहन अहारि, देवराम अहारि, अनिल अहारि, कन्हैया अहारि, लालेंग अहारि आदि मौजूद थे।






## डूंगरपुर में दशहरे पर रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले दहन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले में दशहरे के अवसर पर गुरुवार शाम भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। शहर के लक्ष्मण मैदान में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ ही उसके बेटे मेघनाद और भाई कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। इस उत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। शारदीय नवरात्रि के दसवें दिन दशहरे पर रावण परिवार का दहन किया गया। इससे पहले शहर के रामबोला मठ से भगवान श्रीराम की सवारी निकाली गई। इस शोभायात्रा में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नगरपरिषद द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में शहर के कई लोग शामिल हुए।शोभायात्रा शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए लक्ष्मण मैदान पहुंची। यहां कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, उपसभापति सुदर्शन जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पटेल और एडीएम दिनेश चंद्र धाकड़ सहित अन्य अधिकारियों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमानजी की पूजा-अर्चना की। तिलक लगाकर आरती उतारी गई, जिसके बाद लंका दहन के साथ आतिशी नजारों का सिलसिला शुरू हुआ। उस्मान भाई शोरगर परिवार द्वारा तैयार किए गए गुलाब और चमेली के फूलों जैसे रंगीन और आकर्षक आतिशी नजारों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, 40 फीट ऊंचे दस सिर वाले रावण के साथ ही मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का आतिशी दहन किया गया। पुतलों की आंखों से निकलते आतिशी तीर और

## कल्याण धाम बांसिया में दिखा भक्ति ओर श्रद्धा का ज्वार

### वाडी विसर्जन एवं भैरव हवन कार्यक्रम श्रद्धाभाव से सम्पन्न



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ गुणवंत कलाल संवाददाता/ सीमलवाड़ा। शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को कल्याण धाम बांसिया में पारंपरिक आस्था और भक्तिभाव के साथ वाडी विसर्जन एवं भैरव हवन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही और पूरा वातावरण "जय अम्बे माता" एवं लोकदेवताओं के जयघोष से गूंजता रहा। सुबह गादीपति अर्जुन सिंह और धुनी मगरी धाम के अजमल गिरी महाराज के सानिध्य में माता अंबाजी की तस्वीर को पालकी में विराजित कर गाजे-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पालकी धारण करने का सौभाग्य दिनेश कलाल को प्राप्त हुआ। यात्रा के समापन पर धाम प्रांगण में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसके बाद विधिविधान से वाडी विसर्जन संपन्न हुआ। चौंवडिया तालाब में वाडी विसर्जन की गई।वाडी को परंपरा अनुसार सिर पर धारण करने का पुण्य लाभ मोतीलाल पटेल जेठाना और दिनेश कलाल ने लिया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भैरव हवन संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान शंभुलाल कलाल एवं उनकी धर्मपत्नी गायत्री देवी कलाल रहे।धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे भाव-विभोर होकर माता अंबाजी, लोक देवता कल्लाजी राठौड़, गातरोड चौहान और भैरव जी के जयकारे लगाए। पूरा वातावरण भक्तिमय और अलौकिक आस्था से सराबोर हो उठा।इस अवसर पर मोतीलाल पटेल, जयंतीलाल कलाल, गुणवंत कलाल, शंभुलाल कलाल, दिनेश कलाल, जीवतराम रावल, वरसिंग आमलिया, अर्जुन सिंह, राजेंद्र डामोर, सुमेर सिंह, मोहनलाल पाटीदार, नारायण लाल रावल, गोपाल पंचाल, मदन सिंह, अशोक कलाल, जितेंद्र दर्जी, करण सिंह, प्रियांशु कलाल, धर्मेंद्र पंचाल सहित क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि परंपरा अनुसार नवरात्रि की नवमी को नवचंडी हवन तथा दशहरे के दिन वाडी विसर्जन एवं भैरव हवन का आयोजन किया जाता है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और इसे क्षेत्र की आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है।

## सेवा पखवाड़ा, गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर विधायक सागवाड़ा ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सेवा पखवाड़ा और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर सागवाड़ा विधानसभा विधायक श्री शंकर लाल डेचा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को विधानसभा सागवाड़ा में विधायक श्री शंकरलाल डेचा के नेतृत्व में विधायक कार्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक सागवाड़ा श्री शंकरलाल डेचा, समाजसेवी श्री अशोक पटेल, समाजसेवी श्री हरीश पाटीदार ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी महेन्द्र सिंग पंवार, गिरीश पाटीदार, नगर अध्यक्ष यशवंत गवारिया, श्री प्रहलाद सिंह, श्री लोकेंद्र सिंग, श्री विनीत जोशी, श्री तर्जेंग पाटीदार, श्री मांगीलाल सरपंच श्री जसवंत खराड़ी, श्री मोहनपाल सिंग एवं अन्य गण मन मौजूद रहें। शिविर में 50 यूनिट तक रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है जिसमें विधायक कार्यालय सागवाड़ा में 31 यूनिट और ग्रामीण मंडल में भिलूड़ा में 28 यूनिट कुल 59 युनिट रक्तदान द्वारा रक्त संग्रहित किया गया है। शिविर में आमजन और युवा उत्साह से स्वैच्छिक रक्तदान में भाग लिया।

## गांधी एवं शास्त्री जयंती पर प्रभात फेरी एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री शास्त्री की जयंती के अवसर पर डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर प्रभात फेरी एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।प्रातः गांधी आश्रम से जिला कलेक्ट्रेट तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों एवं राजस्थान सेवा संघ के सचिव कन्हैयालाल उपाध्याय, अध्यक्ष जितेंद्र पंडया तथा निकुंज भट्ट एवं अन्य गणमान्य द्वारा राम धुन करते हुए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात जिला कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति पर जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री दिनेश चंद्र धाकड़, डॉ शंकर यादव सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारियों द्वारा सुत की माला एवं पुष्पमाला द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर देवेंद्र गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं द्वारा रामधुन का गायन किया गया। कार्यक्रम में रफीक, फादर प्रेम प्रकाश, निकुंज भट्ट द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की गई।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक हेमंत सैनी, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा, सुरक्षा अधिकारी पिंकी मीणा, शिक्षा विभाग एसीबीओ विमल साद, उर्मिला अहारी सहित अन्य गणमान्य नगरीकरण तथा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।